>

Title: Need to accord approval for construction of sewer lines in Murar Cantonment area in Gwalior, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छावनी क्षेत्र मुरार में कुल 7 वार्ड हैं। वार्ड क्रमांक 1 - लाल टिपारा, महेशपुर; वार्ड क्रमांक 2 - बंशीपुरा, मरीमाता; वार्ड क्रमांक 4 - तिकोनिया एवं बंगाली कॉलोनी; वार्ड क्रमांक 5 - हरदेवसिंह की टाल, सुतारपुरा, साहूपुरा; वार्ड क्रमांक 6 एवं वार्ड क्रमांक 7 - घोसीपुरा एवं माधोपुरा में सीवर लाईन न होने से इन मोहल्लों में निवास करने वाले परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर नारकीय जीवन जी रहे हैं।

छावनी क्षेत्र, मुरार में उपरोक्तानुसार 6 वार्डों में सीवर लाईन डालने हेतु प्रस्ताव तैयार कर नवम्बर, 2011 में प्रधान निदेशक रक्षा मंत्रालय, पुणे द्वारा रू. 1.27 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर अग्रिम कार्यवाही/स्वीकृति हेतु महानिदेशक रक्षा सम्पदा, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा गया था जो अभी तक विचाराधीन है। अपेक्षित स्वीकृति न मिलने के कारण छावनी क्षेत्र मुरार के विभिन्न वार्डों में निवास करने वाले परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

अतः मैं छावनी क्षेत्र मुरार के आबादी क्षेत्र में सीवर लाईन डालने हेतु लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग करती हूं।